भूचाल ▶ यातायात प्रभारी की कथित ज्यादती अब सियासी भूचाल का रूप ले चुकी है, आला अधिकारियों और मंत्रियों तक पहुंचा मामला

# पूर्व मंत्री का फूटा गुस्सा, बोले- पुलिस ईमानदार और हम चोर



**डिंडोरी, नवभारत 22 फरवरी।** स्कूली बच्चों से भरी बस को यातायात परिसर में खड़ा कर कार्रवाई के नाम पर की गई कथित ज्यादती अब सियासी भूचाल का रूप ले चुकी है। सिलसिलेवार खबरों के प्रकाशन के बाद भले ही यातायात विभाग हरकत में आया हो, लेकिन सवाल अब भी जस के तस खड़े हैं। भाजपा, कांग्रेस और गोंगपा तक ने इस कार्यवाही की खुलकर निंदा की है।

मामला अब आदिवासी अंचल से निकलकर प्रदेश के आला अधिकारियों और मंत्रियों तक पहुंच चुका है। रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित बजट प्रेसवार्ता के दौरान यह मुद्दा जमकर गर्माया। प्रेसवार्ता में मौजूद ओमप्रकाश धुर्वे ने यातायात प्रभारी की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला।

### यह एसपी की नहीं, हमारी बेइज्जती है : धुर्वे

पत्रकारों के तीखे सवालों के बीच धुर्वे ने स्वीकार किया कि दो दिन पहले विधानसभा में रहते हुए उन्हें इस घटना की जानकारी मिली थी। उन्होंने बच्चों सहित बस को थाने में खड़ा करने को 'अमानवीय कृत्य' करार देते हुए कहा यह पुलिस अधीक्षक की नहीं, हमारी बेइज्जती है। हमें तो चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। धुर्वे ने सवाल उठाया कि जब वाहन चालक के पास सारे दस्तावेज मौजूद थे, तो बच्चों को क्यों रोका गया? उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी खुलकर तंज कसे। यहां तक कह दिया कि यहां की पुलिस ईमानदार है और हम चोर! यह बयान पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है।

### मंशा वसूली की थी

पूर्व मंत्री ने साफ आरोप लगाया कि यदि चालक दस्तावेज नहीं दिखा रहा था तो ऑनलाइन सत्यापन किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास साइबर सेल और तकनीकी संसाधन मौजूद हैं, फिर बच्चों को क्यों रोका गया? उन्होंने कहा— निश्चित रूप से इसमें मंशा वसूली की रही है। मामले के दौरान चालक द्वारा मीडिया के सामने पैसों की मांग किए जाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए थे, जिसे धुर्वे ने अत्यंत चिंताजनक बताया। साथ ही यह भी कहा कि यातायात पुलिस के सामने से ओवरलोड वाहन गुजरते रहते हैं, लेकिन कार्रवाई सिर्फ स्कूल बस पर क्यों?

### 35 साल की राजनीति में ऐसा आरोप नहीं

प्रेसवार्ता के दौरान एक पत्रकार ने सवाल किया कि क्या भाजपा के लोग टूर के नाम पर पेट्रोल-डीजल की मांग करते हैं या वाहन छुड़वाने के लिए दबाव बनाते हैं? इस पर धुर्वे ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा '35-36 वर्ष की राजनीति में आज तक ऐसे आरोप नहीं लगे। यह सब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बहरहाल इस मामले में भाजपा, कांग्रेस और गोंगपा के पदाधिकारी खुलकर मैदान में हैं। पूर्व मंत्री के तेवर साफ संकेत दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में इस प्रकरण में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई संभव है।

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण में जिला डिण्डोरी प्रदेश में टॉप-3 में शामिल

**डिण्डोरी।** जिले में राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में जिला डिण्डोरी ने प्रदेश स्तर पर शीर्ष तीन जिलों में स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों एवं राजस्व अमले द्वारा लंबित शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समन्वित कार्यप्रणाली एवं सतत मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप जिले की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है तथा कई तहसीलों ने ग्रेड ए श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की है।

# छात्रावास अधीक्षिका पर अनाज में गड़बड़ी का आरोप

▶ माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं ने किया प्रदर्शन, जांच की मांग की

**चिल्हारी नवभारत 22 फरवरी।** जिले के मानपुर स्थित माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर की लगभग 200 छात्राओं द्वारा सड़क पर उतरकर किए गए प्रदर्शन ने प्रशासन के सामने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

छात्राओं ने छात्रावास की अधीक्षिका पर अनाज में गड़बड़ी तथा माध्यमिक शिक्षक दिनेश चंद साहू पर खरीदी में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त डॉ. पूजा द्विवेदी ने जांच के लिए एक समिति गठित कर दी है। गठित समिति में सरिता जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पाली, एके शुक्ला प्राचार्य, माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर, उमरिया, लोटन अनुरागी उच्च माध्यमिक शिक्षक, माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर, उमरिया, संजय पांडेय प्रभारी



मंडल संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग तथा सुनीता धुर्वे अधीक्षक, अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास, उमरिया को शामिल किया गया है।

### पूर्व प्राचार्य पर लाखों की हेराफेरी का आरोप

पूरे प्रकरण में कई ऐसे पहलू भी सामने आ रहे हैं, जिनकी गहन पड़ताल आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार संस्था के पूर्व प्राचार्य अमरजीत द्विवेदी के कार्यकाल के दौरान वित्तीय प्रभार लंबे समय तक उनके पास रहा। उस अवधि में लाखों रुपये की अनियमितताओं के आरोप लगे थे, जिसके चलते विभाग द्वारा उनका प्रभार वापस ले लिया गया था। यह भी उल्लेखनीय है कि कन्या शिक्षा परिसर का प्रभार सामान्यतः महिला अधिकारी को दिया जाना चाहिए, इसके बावजूद पूर्व में यह दायित्व उन्हें सौंपा गया था।

### छात्राओं ने कहा-अब व्यवस्था पहले से बेहतर

हाल ही में प्रभार साक्षी शुक्ला को सौंपे जाने के बाद घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया है। प्रदर्शन कर रही छात्राओं का कहना है कि पूर्व कार्यकाल में परिसर की व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त थीं और उन्हें मूलभूत सुविधाएं भी समय पर उपलब्ध नहीं होती थीं। छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान प्रभारी के विरुद्ध लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं और उन्हें हटाने के उद्देश्य से माहौल बनाया जा रहा है। घटना ने न केवल परिसर की आंतरिक व्यवस्थाओं पर प्रश्नचिह्न लगाया है, बल्कि प्रशासनिक निगरानी और जवाबदेही की आवश्यकता को भी रेखांकित किया है। अब निगाहें जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं।

# सगरा तालाब में छठ घाट का होगा जीर्णोद्धार



▶ कलेक्टर ने की मां विरासिनी की पूजा अर्चना

**नवभारत उमरिया 21 फरवरी।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी धाम पहुंचकर मां विरासिनी के दर्शन किए तथा जिले के खुशहाली की कामना की।

इस दौरान उन्होंने सगरा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का भी अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान बताया गया कि सगरा तालाब में छठ घाट का जीर्णोद्धार, दशघाट का जीर्णोद्धार, ज्वालाकुंड के नास नए घाट का निर्माण, सीसी ड्रेन, नया मल्होत्रा घाट निर्माण, पुराने मल्होत्रा घाट का पुर्नवास, अप्रोच रोड निर्माण, रैंप हेतु सुरक्षा कार्य, फ्लोटिंग फाउंटेन, ज्वाला कुंड पर सुरक्षा कार्य, डस्टबिन, माइक सिस्टम, आक्सीडाइजर एवं प्राथमिक जल शोधन संयंत्र का कार्य किया जाना है, जिसकी अनुमानित लागत 4.04 करोड रूपये है।

### कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि समस्त कार्य समय सीमा में पूर्ण करें, साथ ही कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश सीएमओ पाली को दिए। निरीक्षण के दौरान पाली नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला प्रधान, पाली एसडीएम मीनाक्षी इंगले भी उपस्थित रहीं।

## आज खेली जाएगी लट्ठ मार होली

**चिल्हारी नवभारत 22 फरवरी।** उमरिया जिले के नवभारत संवाददाता रमाकांत तिवारी इन दिनों होली पर्व के छठे महोत्सव का आनन्द लेने वृन्दावन धाम में रूके हुए हैं। उन्होंने ने बताया कि छठ महोत्सव होली पर्व पर पापड़ी चौराहे वृन्दावन स्थिति श्री ठाकुर के मन्दिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। बिजली की चकाचौंध से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा है। उन्होंने बताया कि मन्दिर प्रांगण में 23 फरवरी को लठ्ठ मार होली खेली जाएगी एवं वृन्दावन धाम की परिक्रमा लगाई जाएगी। इसके पश्चात प्रसाद ग्रहण कर प्रभू ठाकुर का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

# मुदरिया के स्कूल परिसर में पायी गई गंदगी

▶ कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत उमरिया 21 फरवरी।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने करकेली विकासखंड एवं पाली विकासखंड में हायर सेकेण्ड्री की नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेम वर्क के समस्त विषय, शारीरिक शिक्षा, एआई कि परीक्षा का निरीक्षण किया।

करकेली विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकेली में आयोजित परीक्षा में 29 बच्चों ने परीक्षा दी। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली में 49 में से 48



विद्यार्थियो ने परीक्षा दीं। शासकीय उमावि मुदरिया में 6 बच्चों ने परीक्षा दी। निरीक्षण के दौरान शासकीय कन्या उमावि पाली की कुछ कक्षाओं में कम रोशनी पाई गई, जहां पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### कक्षाओं की पुताई करने के दिए निर्देश

इसके साथ ही कक्षाओं की पुताई करवाने के भी निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। शासकीय उमावि मुदरिया के स्कूल परिसर में गंदगी पाई गई, जिस पर नियमित रूप से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।



# मुरम के अवैध उत्खनन का खेल बेखौफ जारी

▶ मेंहदवानी क्षेत्र में जेसीबी से हो रही खुदाई, डंपर व ट्रैक्टरों से खुलेआम परिवहन

**शहपुरा नवभारत 22 फरवरी।** मेंहदवानी विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम मेंहदवानी, सुड़गांव, पारापानी और कठौतिया से अवैध खनन की बड़ी खबर सामने आई है। क्षेत्र में जेसीबी मशीनों से जमकर मुरम का उत्खनन किया जा रहा है, जबकि डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से खुलेआम उसका परिवहन भी जारी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह गतिविधि कई दिनों से लगातार चल रही है, लेकिन संबंधित विभागों को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन-रात मशीनों की आवाज और लगातार चल रहे वाहनों से क्षेत्र की सड़कों को भी नुकसान पहुंच रहा है, साथ ही पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### अधिकारियों की चुप्पी पर उठने लगे सवाल

इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या फिर किसी प्रभावशाली संरक्षण में अवैध खनन का यह खेल चल रहा है? स्थानीय नागरिकों ने तत्काल जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सरपंच व ग्रामीणों के प्रयास से गांव पहुंचा नर्मदा का पानी

▶ पोषक ग्राम कनेरी रैयत उर्फ मुरमी टोला में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ था



**शहपुरा/डिंडौरी, नवभारत 22 फरवरी।** जिले के जनपद पंचायत मेंहदवानी अंतर्गत ग्राम पंचायत सारंगपुर में महिला सरपंच कमलवती परस्ते और ग्रामीणों के भागीरथी प्रयासों से गांव में नर्मदा का पानी पहुंचाने की अनुकरणीय पहल सामने आई है। पिछले एक वर्ष से अधिक समय से गांव में सुबह-शाम नियमित रूप से पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सारंगपुर के पोषक ग्राम कनेरी रैयत उर्फ मुरमी टोला में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ था। ग्रामीणों को दूर-दूर तक भटककर पानी लाना पड़ता था। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कई स्थानों पर नलकूप खनन कराया गया, लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिल सका।

### एक किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आदेश 11 जून 2024 के तहत 15वें वित्त आयोग की राशि से लगभग 4 लाख 50 हजार रुपए खर्च कर तीन पानी टंकियों का निर्माण कराया गया। पाइपलाइन, मोटर पंप, वायर सहित आवश्यक सामग्री भी खरीदी गई, लेकिन कार्य अधूरा रह गया था।ऐसे में महिला सरपंच ने हिम्मत नहीं हारी। ग्रामीणों ने चंदा एकत्र कर ट्रांसफार्मर लगवाया और श्रमदान कर नर्मदा नदी से गांव तक लगभग एक किलोमीटर लंबी खड़ी घाटी में पाइपलाइन बिछाई। कठिन परिश्रम और सामूहिक सहयोग से आखिरकार गांव तक नर्मदा का जल पहुंच सका।

### महिला समूह ने भी दिया महत्वपूर्ण सहयोग

गांव की रानी दुर्गावती स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। पानी की आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए समूह ने एक अतिरिक्त मोटर पंप खरीदा, ताकि एक मोटर खराब होने की स्थिति में दूसरी तुरंत लगाई जा सके।

### अनुकरणीय पहल देखने पहुंच रहे अधिकारी

जहां कई स्थानों पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी पेयजल समस्या बनी रहती है, वहीं यहां मात्र 4.50 लाख रुपए और जनभागीदारी से नर्मदा घाटी से पानी गांव तक पहुंचाया गया इस अनुकरणीय मॉडल को देखने के लिए जनपद के अधिकारी, सीईओ, एसडीओ तथा आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच भी सारंगपुर पहुंच रहे हैं। महिला नेतृत्व और जनसहभागिता से विकास का यह मॉडल क्षेत्र में मिसाल बनता जा रहा है।

# 23 भैंस व पड़ा सहित ट्रक जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**डिंडोरी,नवभारत 22 फरवरी।** शनिवार देर रात लगभग 2 बजे कोतवाली पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी और प्रभावी कार्यवाही करते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रक एवं 23 भैंस-पडा जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक लाल रंग की डालाबाड़ी वाहन में कुछ लोग भैंस-पड़ा भरकर बुचड़खाने ले जा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल ग्राम इमलई पहाड़ी पहुंची, जहां एमपी 20 एक्सबी 5439 नंबर का वाहन खड़ा मिला। पुलिस को देख मौके पर मौजूद



कुछ व्यक्ति फरार हो गए, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सहबाज कुरैशी बताया। आरोपी से पशु परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, किंतु वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

**पशुओं को कांजी हाउस भेजा गया-** पुलिस ने वाहन सहित 23 भैंस-पड़ा जब्त कर थाना कोतवाली ले आई ,जहां वैधानिक कार्यवाही करते हुए पशुओं को कांजी हाउस डिंडोरी भेजा गया तथा पशु चिकित्सक से मेडिकल परीक्षण हेतु प्रतिवेदन भेजा गया। आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# यात्रियों का जत्था मथुरा वृन्दावन के लिए रवाना

**चिल्हारी नवभारत 22 फरवरी।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी से यात्रियों का एक जत्था मथुरा वृन्दावन के लिए रमाकांत तिवारी चिल्हारी के नेतृत्व में रवाना हुआ। यात्रियों का यह जत्था मथुरा, वृन्दावन, नन्द गांव, गोकुल, गोवर्धन, बरसाना, मथुरा आदि सभी धार्मिक तीर्थ स्थलों का दर्शन कर ब्रज की लठ्ठ मार होली का आनन्द उठाते हुए एक सप्ताह में यात्रा पूर्ण कर वापस लौटेगा।





# समस्या निराकरण प्रक्रिया की दी जानकारी

▶ कोल माइंस पेंशनर एसोसिएशन की बैठक में पेंशन, मेडिकल व आवास मुद्दों पर की चर्चा

**नौरोजाबाद नवभारत 22 फरवरी।** गुरुद्वारा परिसर में 21 फरवरी को कोल माइंस पेंशनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। इसमें पेंशनरों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे पेंशन विसंगतियां, चिकित्सा सुविधाएं, आवास संबंधी समस्याएं तथा अन्य आवश्यक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए सुझाव प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में केंद्रीय पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव, एसपी. पटनायक, पीटी राव, निरंजन कुमार जैन एवं रूपराम ने पेंशनरों को उनके अधिकारों, योजनाओं और समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक का आयोजन पेंशनर एसोसिएशन के एरिया अध्यक्ष जसवंत सिंह सिद्धू के मार्गदर्शन में किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान डॉ. बंजारे, मोहन सिंह, साबिर खान, राधाकृष्ण मिश्रा, मलय मुखर्जी, परचेता, अशोक मिश्रा, अंगत मिश्रा, इम्तियाज हसन, महमूद हसन, सुरेश सिंह, सुधीर विनायक तथा धनीराम सहित बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कई नए लोगों ने एसोसिएशन की सदस्यता भी ग्रहण की।

## ज्वालामुखी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा शुरू

**चिल्हारी नवभारत 22 फरवरी।** जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माला के ग्राम रोहनिया के चरणंगंगा नदी तट पर स्थित ज्वालामुखी धाम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को शुभारंभ हुआ।

श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक पंडित अनुज ऋष्ण शास्त्री के मुखारविन्द से प्रवाहित होगी। 23 फरवरी सोमवार को ध्रुव चरित्र नरसिंह अवतार, 24 फरवरी मंगलवार को वामन अवतार श्री राम जन्म, श्री कृष्ण प्राकट्योत्सव, 25 फरवरी बुधवार को श्रीऋष्ण बाल लीला-गोवर्धन पूजा (छप्पन भोग), 26 फरवरी गुरुवार को उद्धव गोपी संवाद श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह, 27 फरवरी शुक्रवार को श्रीसुदामा चरित्र एवं भागवत तत्व उपदेश, चढोत्री, 28 फरवरी शनिवार को पूर्णाहुति भंडारा के साथ सम्पन्न होगा।

# अभी भी नौकरशाही के चंगुल में है विकास कार्यक्रम : मिश्र

▶ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद बलवंतराय मेहता की जयंती मनाई गई

**चिल्हारी नवभारत 22 फरवरी।** ऑल इंडिया पंचायत परिषद के मुख्य महामंत्री एवं बलवंत राय मेहता पंचायती राज फाउंडेशन के न्यासी सचिव शीतला शंकर विजय मिश्र के मुख्य आतिथ्य में बांधवगढ़ के टाइगर हैवल रिसॉर्ट ताला में मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद द्वारा अमर शहीद बलवंतराय मेहता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के 127वें जन्म दिवस समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सचिव ने कहा कि देश के अधिकांश राज्यों में विकास कार्यक्रम अभी भी नौकरशाही के चंगुल से बाहर नहीं निकल पाया है। सभी स्तरों पर अंतिम निर्णय सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के की इच्छा से ही हो रहा है। पंचायती राज के माध्यम से इन्हें संचालित होना है, परंतु प्रकारान्तर से पंचायतों पर भी नौकरशाही का प्रभुत्व स्थापित है।



उन्होंने कहा कि पंचायती राज अधिनियम में ऐसी धाराएं हैं जो पंचायती राज संस्थाओं तथा उनके पदाधिकारियों एवं सदस्यों पर पूर्ण नियंत्रण रखती है।

### पंचायती राज संस्थाओं में हैं विसंगतियां

श्री मिश्र ने कहा कि जिला, ब्लॉक तथा गांव स्तर पर नियोजित त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के मध्य अनेक प्रकार की गंभीर विसंगतियां विद्यमान हैं, जिसके कारण इनके बीच ताल-मेल नहीं बन पा रहा है। इसके मूल में अधिनियमों में अस्पष्टता है और व्यवहारिक स्तर पर भी विसंगतियां हैं, जिसके कारण पंचायती राज का प्रवाह बुरी तरह बाधित हो रहा है। सभी स्तरों पर समुचित प्रतिनिधित्व देने की आवश्यकता है।

### जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण : सेंगर

अशोक सिंह सेंगर, अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद ने अध्यक्षीय उद्बोधन में समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि अमर शहीद बलवंत राय मेहता के भावनाओं के अनुरूप मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद विगत वर्षों से संघर्षरत है, जिसमें त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है और सरकार ने भी सहयोग प्रदान किया है। श्री सेंगर ने कहा कि मध्य प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की स्थिति अनेकों सरपंच संघों, जनपद अध्यक्ष संघ के कारण अस्थिर हुई है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के अनेकों निर्वाचित पदाधिकारियों ,प्रतिनिधियों ने अमर शहीद मेहता के चित्र पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अजय गोटिया ,सदस्य जिला परिषद कटनी, अलका शर्मा, कृष्ण कुमार झा, सरपंच नर्मदापुरम, सरपंच माखन नगर, विनोद कुमार त्रिपाठी, सरपंच खरगौन जिला रायसेन, नरेंद्र सिंह चौहान सरपंच दावतपुर जिला गुना, तेज लाल चौधरी सरपंच आदि उपस्थित रहे। संचालन अश्वनी सिंह परिहार द्वारा किया गया।